ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 02.01.2021**

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## –हम सबने यह ठाना है,शाहजहाँपुर को स्वच्छ बनाना है–

- **स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा आज दिनांक 02.01.2021 को दोपहर 12.30 बजे मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन एवं मा0 मंत्री जी द्वारा शाहजहाँपुर को स्वच्छ बनाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को दिलाई गई शपथ।**

नगर निगम शाहजहाँपुर के तत्वाधान में सुभाष टावर घटांघर से मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार खन्ना, मा0 मंत्री,वित एवं संसदीय चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 द्वारा किया गया। इस मौके पर मा0 मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को शपथ दिलाई व अपेक्षा की कि अब लोगो को स्वंय जागरूक होकर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर शाहजहाँपुर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है तथा स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर महानगर को देश में प्रथम स्थान पर लाना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नगर वासियो से मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी के तहत अपने कूड़े की स्वंय जिम्मेदारी लेकर उसका निस्तारण करने की अपील की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से नगर को साफ– स्वच्छ बनाने हेतु सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई तथा स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में नगर को प्रथम स्थान पर लाने के उद्‌देश्य से समस्त नगर वासियो से सक्रिय प्रतिभाग करने की अपील की गई। समारोह में लीड कान्वेन्ट के स्कूल के बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया। मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो सुभाष टावर (घंटाघर)से बहादुरगंज, सदर चौराहा होते हुये शहीद उद्यान पर समापन हुआ। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली में मा0 मंत्री जी द्वारा रैली के समय दुकानदारो से गन्दगी न करने एवं दुकानों के पास गाड़ियॉ न खड़ी करने की अपील की गई। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा महात्मा गॉधी जी की सुन्दर झांकी तैयार कर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभाग,लीड कान्वेन्ट स्कूल,स्वच्छता वार्ड कमेटियॉ एवं समस्त व्यापार मंडलो का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संचालन कवि श्री इन्दु अजनवी ने किया। मेगा स्वच्छता जागरूकता रैली के अन्तर्गत मा0 मंत्री जी श्री सुरेश कुमार खन्ना, मा0 मंत्री,वित एवं संसदीय चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 द्वारा शहीद पार्क में शहीदो की प्रतिमाओ पर मार्ल्यापण किया गया। इस आयोजन में मा0 मंत्री जी के साथ सांसद महोदय श्री अरूण कुमार सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री डी0पीएस0 राठौर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि, जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, अपर जिलाधिकारी श्री राम सेवक द्विवेदी, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती व श्री अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम, मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान,भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष श्री अरूण गुप्ता, छावनी परिषद के उपाध्यक्ष श्री अवेधश कुमार दीक्षित, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव,श्रीमती पूनम मेहरोत्रा,सुश्री दपिन्दर मिश्रा, सुश्री निकखत परवीन एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्री वेद प्रकाश, नगर अध्यक्ष श्री सचिन वाथम, श्री सुरेन्द्र सेठ,श्री इकबाल खॉ,श्री दिवाकर मिश्रा,श्री दिलीप गुप्ता, श्री वेद प्रकाश मौर्या, श्री रजनीश मौर्या,श्री नितेश गुप्ता, डी0सी0श्री विनय प्रताप सिंह,डी0पी0एम0 श्री सैफ सिददीकी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Generated by CamScanner